श्रावण शुक्ल पक्ष द्वादशी 8:06 उपरांत त्रयोदशी, विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 17 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 271, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

पदकों के सफर को तैयार पैरालंपिक दल 17
करीना कपूर ने पति सैफ को दी जन्मदिन की बधाई 18



## इसरो ने लॉन्च किया ईओएस-08 रॉकेट




श्रीहरिकोटा, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को यहां अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिए भू-प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 और एसआर-ओ डेमोसैट उपग्रह को उनकी निर्धारित कक्षाओं में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। इस यान के जरिए ले जाए गए पेलोड का इस्तेमाल उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा और पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने और ज्वालामुखी गतिविधि प्रेक्षण जैसे कई कार्यों में किया जाएगा। एलवी-डी3 की इस उड़ान ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके प्रक्षेपण करने के उद्देश्य से उद्योग और इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' के बीच गठजोड़ का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने यहां मिशन नियंत्रण केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'ईओएस-08 उपग्रह के प्रक्षेपण के साथ तीसरी विकासात्मक उड़ान एलवी-डी3 सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। रॉकेट ने अंतरिक्षयान को योजना के अनुसार निर्धारित कक्षा में एकदम सटीकता से स्थापित कर दिया है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को नए प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 के सफल प्रक्षेपण के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि यह प्रक्षेपण यान अंतरिक्ष मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और निजी उद्योग को प्रोत्साहित करेगा।

# जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में, हरियाणा में एक चरण में चुनाव

## निर्वाचन आयोग ने की विधानसभा चुनावों की घोषणा, दोनों विधानसभाओं के लिए 4 अक्टूबर को होगी मतों की गिनती

नई दिल्ली, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच तीन चरणों में, जबकि हरियाणा में एक ही चरण में 1 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि दोनों विधानसभाओं के लिए मतों की गिनती 4 अक्टूबर को होगी। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

राजीव कुमार ने इस बहुप्रतीक्षित चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा कि 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आखिरी चरण का मतदान 1 अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती 4 अक्टूबर को की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग के एक दल ने जम्मू-कश्मीर का दौरा भी किया था और उसके बाद वह वहां मौसम ठीक होने और अमरनाथ यात्रा खत्म होने का इंतजार कर रहा था। केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा चुनाव 2014 के नवंबर-दिसंबर में पांच चरणों में हुआ था। तब यह एक राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था। हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट के लिए 1 अक्टूबर को मतदान होगा। कुमार द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 5 सितंबर को जारी होगी तथा नामांकन 12 सितंबर तक दाखिल किए जा सकते हैं। कुमार ने बताया कि मतदान एक चरण में 1 अक्टूबर को होगा तथा 4 अक्टूबर को मतगणना होगी।



**मतदान**

- कश्मीर: 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर
- हरियाणा: 1 अक्टूबर

### लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगा यह चुनाव : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया और कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलेगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'मैं निर्वाचन आयोग द्वारा आज जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा किए जाने का स्वागत करता हूं। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार ने लगातार कई पहलों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने का एक नया युग स्थापित किया है।'

# प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे नहीं रहेगा कोई इंसान : योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने स्वाधीनता दिवस पर की जीरो पॉवर्टी स्टेट बनाने की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश के 78वें स्वाधीनता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को ''जीरो पॉवर्टी स्टेट'' बनाने की घोषणा की। साथ ही, निजी कंपनियों के निवेश, स्व-उद्योग और सरकारी नौकरियों के जरिए लाखों युवाओं को रोजगार देने का वादा भी किया।

मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता दिवस पर विधान भवन के समक्ष ध्वजारोहण के बाद कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान के लोगों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे कोई इंसान न रहे, इसका लक्ष्य हर हाल में पूरा होगा। इसके लिए प्रत्येक परिवार को फैमिली आईडी उपलब्ध कराई जाएगी। हम छह करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में सफल रहे हैं।

युवाओं पर खास फोकस करते हुए योगी ने कहा कि युवा भारत के विकास की धुरी हैं, विकसित भारत के निर्माण के लिए इन युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना' की घोषणा करते हुए कहा कि इससे 50 लाख युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगा। योजना के अंतर्गत नौकरी के बजाय उद्यम के लिए इच्छुक युवाओं को आर्थिक रूप से सरकार सहयोग करेगी। प्रदेश में अब तक हुए निवेश से एक करोड़ 62 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने में मदद मिली है। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से अब तक 62 लाख से ज्यादा युवाओं को स्वरोजगार से भी जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से विगत साढ़े 7 वर्ष में 6.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। इस साल भी सिपाही भर्ती समेत अन्य भर्ती के जरिए लाखों को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी मिलेगी।



- निजी कंपनियों, स्व उद्योग और सरकारी नौकरियों से लाखों युवाओं को रोजगार देने का किया वादा

### अराजकता की दुंदुभी बजा रहे तत्वों से रहें सतर्क

78वें स्वाधीनता समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की उत्तम कानून व्यवस्था से जुड़े तथ्य रखने के साथ ही संभावित खतरों को लेकर भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि विकास और बदलाव के इस क्रांति काल में कुछ लोग अपनी कुत्सित मंशा से समाज में वैमनस्यता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोधियों का बगैर नाम लिए कहा कि जाति और पंथ के नाम पर समाज में विष घोलने वाले ऐसे स्वार्थी तत्वों के षड्यंत्रों को सफल नहीं होने देना है। मुख्यमंत्री योगी ने सही नीति, साफ नीयत और सफल क्रियान्वयन से दंगा मुक्त प्रदेश समेत अपराधों में उल्लेखनीय कमी का भी ब्योरा दिया।

### बरेली के एसएसपी को योगी ने दी बधाई

योगी ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक के लिए इस वर्ष तीन अधिकारियों का चयन किया गया है। इनमें अनुराग आर्य (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली), विपुल कुमार सिंह (पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ, लखनऊ) व अरुण कुमार (हेड कॉन्सटेबल, बिजनौर) का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस बल के जिन जवानों ने उत्तर प्रदेश के अंदर रूल ऑफ लॉ के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान दिया है, वे सभी अभिनंदन के पात्र हैं। इस वर्ष प्रदेश की गृह विभाग की टीम ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

## छात्रा पर एसिड फेंकने वाले मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** एलएलबी की छात्रा पर एसिड अटैक के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से दोनों आरोपी अतुल कुमार व सतीश कुमार घायल हो गए। मुख्य आरोपी अतुल एलएलबी का छात्र है। माधोटांडा क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले अधिवक्ता ओमप्रकाश के यहां एलएलबी छात्रा पिंकी पाल बतौर मुंशी काम करती है। 13 अगस्त को देर शाम ओमप्रकाश और पिंकी कचहरी से बाइक से घर जा रहे थे। रिछोला पुलिस चौकी के पास बाइक सवार दो युवकों ने उन पर एसिड फेंक दिया, जिससे दोनों झुलस गए। एसपी अविनाश पांडे ने आरोपियों की गिरफ्तारी को चार टीम लगाई थीं।

**सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019**

# हाईकोर्ट ने रद की 69 हजार अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019 की 1 जून 2020 को जारी चयन सूची व 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को रद कर दिया है। कोर्ट नए सिरे से चयन सूची बनाने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने इस संबंध में 13 मार्च 2023 के एकल पीठ के आदेश को संशोधित करते हुए यह भी निर्णय दिया है कि सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित मेरिट में आने पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी में ही माइग्रेट किया जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा है कि हमारे द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार दिए जाने वाले ऊर्ध्वाधर आरक्षण का लाभ, क्षैतिज आरक्षण को भी देना होगा। कोर्ट ने इसी भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को खारिज करने के एकल पीठ के निर्णय में कोई हस्तक्षेप न करते हुए तीन माह में नई सूची जारी करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि नई सूची तैयार करने के दौरान यदि वर्तमान में कार्यरत कोई अभ्यर्थी प्रभावित होता है तो उसे सत्र का लाभ दिया जाए। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश वह अध्ययन कर रहा है। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।



- नए सिरे से सूची बनाने का दिया निर्देश

### पीठ ने किया संशोधन

खंडपीठ ने अपने निर्णय में कहा है कि सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित मेरिट के मार्क्स लाने पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी में ही माइग्रेट किया जाए। कोर्ट ने कहा कि आरक्षण के संबंध में आरक्षण अधिनियम की संबंधित धारा के अपेंडिक्स एक का नई सूची बनाते समय पालन किया जाए।








# देश में हो सेक्युलर सिविल कोड: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सेक्युलर सिविल कोड और वन नेशन, वन इलेक्शन को समय की जरूरत बताया।

मोदी ने भाषण में बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया। लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। मोदी ने कहा कि हमारे देश में सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार यूनिफॉर्म सिविल कोड पर चर्चा की है। अनेक बार आदेश दिए हैं, क्योंकि देश का एक बहुत बड़ा वर्ग मानता है कि जिस सिविल कोड को लेकर हम जी रहे हैं, वह एक तरह से कम्युनल सिविल कोड है। ऐसे कानून जो धर्म के आधार पर देश को बांटते हों, उनका आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में 75 हजार नई मेडिकल सीटें बनाई जाएंगी, ताकि भारत से विदेश पढ़ाई करने न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि हर साल भारत के कई युवा अलग-अलग देशों में मेडिकल पढ़ाई करने जाते हैं। अधिकतर मिडिल क्लास परिवार के बच्चे जाते हैं। वे लाखों रुपये खर्च करते हैं।



- लाल किले से पीएम ने किया 75 हजार नई मेडिकल सीटों का ऐलान

### एक समय पर चुनाव कराने की वकालत की

प्रधानमंत्री ने एक पर चुनाव कराने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि देश में बार-बार चुनाव गतिरोध पैदा कर रहे हैं। हर छह महीने में कहीं न कहीं चुनाव हो रहे हैं। इसलिए देश में व्यापक चर्चा हुई है। सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा।

# मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर न डालें

## विद्युत नियामक आयोग ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर बिजली कंपनियों को दिए आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने कहा कि बिजली कंपनियां प्रीपेड स्मार्ट मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाल सकती हैं। बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल पुनरोद्धार वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के खर्च अनुमोदन की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह ने यह फैसला सुनाया।

आयोग ने कहा कि प्रीपेड मीटर पर होने वाला कोई भी खर्च किसी भी रूप में बिजली दर हो या बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता हो, बिजली कंपनियां प्रदेश के उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार नहीं डाल सकती हैं। नियामक आयोग ने कहा कि बिजली कंपनियां राजस्व वसूली संबंधी अपनी 'कलेक्शन एफिशिएंसी' और दक्षता के आधार पर इसकी भरपाई स्वयं करें। मालूम हो कि केंद्र सरकार की योजना के तहत पूरे प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। केंद्र सरकार ने कहा था कि विद्युत नियामक आयोग इस खर्च को आम जनता पर न पड़ने दे। इस सिलसिले में केंद्र सरकार की ओर से आयोग को आदेश भी जारी किया गया था। नियामक आयोग ने केंद्र सरकार के निर्देश के क्रम में फैसला सुनाया।



### बिजली कंपनियों ने 45% अधिक दरों पर दिया है टेंडर

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के लिए सबसे बड़ा संकट का समय यह है कि केंद्र सरकार ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए लिए 18,885 करोड़ लागत की योजना को अनुमोदन दिया है, पर कंपनियों ने मीटर लगाने के लिए निजी संस्थाओं को 45 प्रतिशत अधिक 27,342 करोड़ का टेंडर दिया है। ऐसे में कंपनियां इसकी भरपाई कैसे करेंगी। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अभी समय है कि कंपनियां टेंडर की दरों पर पुनर्विचार करें।



# आप सभी देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 AUGUST




आप सभी क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं





महेंद्र पाल सिंह
ग्राम प्रधान
करियामई

विनोद कुमार शर्मा
समाजसेवी
ग्राम करियामई

ब्रजेश कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत करियामई

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, दातागंज

की ओर से आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आम जनता से अपील:- 1. नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने मे नगर पालिका को पूर्ण सहयोग करें। 2. नगर की सीमा में समस्त जन्म व मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित अवधि 21 दिन में अवश्य करायें। 3. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर की रैंकिंग बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। 4. अपने घरों का गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग कर नगर पालिका का कूड़ा वाहन निकलने पर उसमें प्रतिदिन डालें। 5. जल का अपव्यय न करें। पानी की टोंटियों को खुला न छोड़े। 6. नगर पालिका परिषद की सम्पत्तियों तथा रोड पटरी पर अतिक्रमण न करें। 7. सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।





राजीव कुमार सिंह
विधायक दातागंज

नैना गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
दातागंज

अनूप गुप्ता
अध्यक्ष व्यापार मण्डल
पूर्व जिला मंत्री भा.ज.यु.मो.

हरि लाल पटेल
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
दातागंज

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## राजस्व विभाग, तहसील दातागंज (बदायूं)






निधि श्रीवास्तव
डीएम/जिलामजिस्ट्रेट
बदायूं

धर्मेन्द्र कुमार सिंह
एसडीएम/उपजिलामजिस्ट्रेट
तहसील दातागंज

राजेन्द्र प्रसाद सिंह
तहसीलदार
तहसील दातागंज




आप सभी क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



आतिफ खाँ (जख्मी)
जिला उपाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी बदायूं
पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र
दातागंज (बदायूं)

आप सभी क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



दिल्ली केयर हॉस्पिटल
पता - स्वराज ट्रैक्टर एजेन्सी के सामने बिजली घर के पास, दातागंज (बदायूं)
डा० इशित्याक हुसैन, डा० तौफिक अहमद
मो. 7599939312

आप सभी क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



शैलेन्द्र सिंह तोमर
एडवोकेट (माल व फौजदारी)
9258678000, 7037153888,
9897862595
तहसील दातागंज, जिला बदायूं
निवास:- अर्जुन नगर, वार्ड नं. 7,
दातागंज, बदायूं

आप सभी क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. रिदेश भसीन
चिकित्सा अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
दातागंज (बदायू)




प्रस्तुति:- रोहित कुमार मिश्रा, म्याऊं 9411038974, 9719927215

# सड़कों में छोड़े गड्ढे, जलभराव बना मुसीबत

## जल जीवन मिशनः यूसुफ नगर में बोरिंग कर अधूरा छोड़ा टंकी निर्माण का कार्य

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव जल पहुंचाने की योजना जल निगम की लापरवाही के चलते अधूरी पड़ी है। गांवों में पाइप लाइन डालने को सड़कें खोद कर डाल दी गईं जिनमें बारिश का पानी भर गया है। ग्रामीणों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

सलारपुर ब्लाक के गांव यूसुफ नगर में जल जीवन मिशन के तहत छह महीने पूर्व कार्य शुरू किया गया था। ओवरहेड टैंक बनाने को जल निगम के ठेकेदार ने पिलर का फाउंडेशन बना दिया। बोरिंग कर दिया, उसके बाद काम बंद कर दिया गया। गांव की गलियों को खोद कर पाइप लाइन डाल दी गयी है लेकिन जल निगम ने गलियों को ठीक नहीं कराया। बारिश का पानी सड़कों पर भरा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव की गलियों को खोदकर व सीसी रोड तोड़ कर पाइप लाइन डाल दी गई गलियों की मरम्मत नहीं कराई गई है। अब गलियां उखड़ी पड़ी हैं।


पिछले दिनों जिला अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बैठक में जल निगम को निर्देशित किया था कि हर घर जल पहुंचाने के लिए दिसम्बर तक का समय है। डीएम के आदेश के बाद भी गांव में काम शुरू नहीं किया गया है।

जल निगम के जेई सोहिल अहमद का कहना है कि हमने अभी एक माह पहले ही चार्ज लिया है दो दिन पहले यूसुफ नगर सर्वे किया गया है। वहां गलियों में जलभराव के कारण समस्या बनी हुई है। टंकी के ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा।


खोदी गई सड़क पर भरा पानी और कीचड़।


टंकी बनाने को बनाये गए पिलर के फाउंडेशन। ● अमृत विचार

- **सड़कों के गड्ढों में जलभराव और कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे ग्रामीण**


गांव की सभी गलियां उखड़ी पड़ी हैं। अभी तक टंकी चालू नहीं हो सकी है। जिससे गांव के लोगों को परेशानी हो रही है। टंकी का कार्य जल्द पूरा किया जाए।

– जसवीर


गलियों को खोदकर पाइप लाइन डाल दी गई, जिसके लिए लगभग छह माह बीत चुके हैं। अभी तक टंकी चालू नहीं हुई है। परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं।

– पूरन लाल


केवल बोरिंग और ओवरहेड टैंक के पिलर ही बनाए गए हैं। गलियों में कीचड़ व जलभराव की समस्या बनी हुई है। स्कूल जाने वाले बच्चे व ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

– पिंटू सिंह


पाइप लाइन डालने के लिए गलियों को खोदकर डाल दिया गया। मरम्मत नहीं कराई गई, और न ही अभी तक टंकी चालू हो सकी है। बारिश के कारण गलियों में जलभराव व कीचड़ की समस्या बनी हुई है।

– धनपाल, चौकीदार

## फर्नीचर कारखाने का ताला तोड़कर चोरी

ककराला, अमृत विचार : चोरों ने थाना अलापुर क्षेत्र में कस्बा ककराला के मेन रोड पर वार्ड 22 स्थित फर्नीचर के कारखाने को निशाना बनाया। ताले तोड़कर मशीनों की मोटर, जेनरेटर और अन्य सामान चोरी कर लिया। कस्बा ककराला के वार्ड तीन निवासी रामस्नेही शर्मा का इब्राहिम केघेर में फर्नीचर बनाने का कारखाना है। गुरुवार रात चोरों ने कारखाने को ताला तोड़ा। कारखाने में रखा जेनरेटर, रंदा मशीन, एयर कंप्रेशर की मोटर, औजार और अन्य सामान चोरी करके ले गए। सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह तोमर ने मौका मुआयना किया। जल्द ही खुलासे का आश्वासन दिया है।

## 21 अगस्त को होंगे माटीकला टूलकिट्स के साक्षात्कार

बदायूं, अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि माटी कला विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में निःशुल्क माटीकला टूलकिट्स एवं पगमिल वितरण योजना के अर्न्तगत प्रजापति समाज के जिन आवेदकों द्वारा माटीकला बोर्ड में निःशुल्क माटी कला टूलकिट्स एवं पगमिल वितरण योजना में टूलकिट्स प्राप्त करने वाले आवेदकों का साक्षात्कार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 21 अगस्त प्रातः 10 बजे से विकास भवन सभागार में होगा।

## 21 सितंबर तक करें आर्थिक सहायता के लिए आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** निदेशक हिन्दी संस्थान आर.पी. सिंह बताया कि साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अन्तर्गत आर्थिक स्थिति ग्रस्त या रुग्ण साहित्यकारों को पांच लाख तक की सहायता प्रदान की जाएगी साथ ही जिन साहित्यकारों ने 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। उन्हें अधिकतम रुपये पचास हजार तक अनावर्तक चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र एवं चिकित्सक का प्रमाण-पत्र, दो साहित्यकारों की संस्तुतियाँ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 21 सितम्बर है। योजनाओं के विवरण के वितरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट पर मौजूद है।






बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
• गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

# सरकारी डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

## कोलकाता में डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध में एकजुट हुए चिकित्सक आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या के विरोध में आज यहां डाक्टरों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। काली पट्टी बांध कर मरीजों को देखा, उन्हे दवाएं लिखीं। सरकारी डॉक्टरों ने कहा कि महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी व उसकी हत्या करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। डॉक्टरों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ अब आवाज बुलंद होगी और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।


काली पट्टी बांधकर मरीज देखते डॉक्टर।


काली पट्टी बांध कर बैठे सीएमएस डा. कप्तान सिंह व डा. अमित वार्ष्णेय।

कोलकाता में एक महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गयी। इस घटना के बाद पूरे देश के डॉक्टरों में उबाल है। हर प्रदेश में विरोध हो रहा है। पश्चिम बंगाल सरकार से मांग की जा रही है कि आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए जिससे इस तरह की जघन्य घटनाओं को करने वालों की रूह कांप जाए। शुक्रवार को जिला अस्पताल में डाक्टरों ने काली पट्टी बांध कर मरीज देखे। सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने कहा कि डॉक्टर के साथ जो घटना घटी हैवी शर्मनाक है। इसलिए आज उस घटना का विरोध किया जा रहा है। सरकार से मांग की है कि आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। डा. अमित वार्ष्णेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर का बलात्कार किया गया उसकी हत्या कर दी गयी फिर भी वहां की सरकार आरोपियों के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठा रही है। जिसका पूरे देश में भारी विरोध हो रहा है। इस तरह की घटनाएं समाज को कलंकित करने वाली हैं। फिजीशियन डा. शिवमोहन कमल ने कहा कि बंगाल की घटना से पूरे देश में भारी उबाल है। चिकित्सकों के साथ इस तरह की घटनाएं हो रही हैं तो आम आदमी कहां सुरक्षित है। पश्चिम बंगाल सरकार और केंद्र सरकार को इस मामले में कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। इस घटना को पूरे देश में विरोध हो रहा है। अब यह विरोध थमने वाला नहीं है। चिकित्सकों ने कहा कि प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ द्वारा इसका विरोध जारी रहेगा। संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता तब तक विरोध जारी रहेगा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
डॉ. आदित्य त्यागी
8077344353
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सेम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758834778

# आशा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

• सरकार ने नहीं सुनी फरियाद फिर शुरू हुआ आंदोलन

• मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर नाराज हैं आशाएं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आशा संगिनी वर्कर्स यूनियन ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। आशा वर्कर्स ने सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें समस्याओं के जल्द निस्तारण करने की गुहार की गयी है।


आशाओं को संबोधित करतीं जिलाध्यक्ष जौली वैश्य। • अमृत विचार

शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल में आशा संगिनी वर्कर्स यूनियन ने धरना प्रदर्शन किया। यूनियन की जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि बार बार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है फिर भी सरकार सुनने को तैयार नहीं है। उन पर काम का बोझ अधिक बढ़ा दिया गया है। पचास से अधिक काम उन लोगों से लिए जाते हैं। इन कामों का कोई भुगतान नहीं मिलता है। मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गयी है कि आशा और संगिनी को मिलने वाली राशि को प्रोत्साहन राशि के बजाए उसे मानदेय के रूप में संशोधित किया जाए। गोल्डन आयुष्मान कार्ड व दस्तक वेलनेस सेंटर में योगदान, टीबी कुष्ठ रोग निरोधक अभियान, आदि कार्यों में काम लिया जाता है इसका भुगतान भी दिया जाए। कोविड में मार्च 2020 से 31 मार्च 2022 तक योगदान के लिए केन्द्र सरकार से घोषित कोविड रुपये एक हजार मासिक दिया जाए। अभी तक 19 महीने की प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। राज्य वित्त से अनुमन्य 1500 की मासिक पूर्ति राशि दी जाए। उक्त तमाम मांगों को लेकर सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। साथ ही सभी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की गयी। इस मौके पर बीना संदेल, लक्ष्मी, सुनीता, मुनीषा देवी, विद्या देवी, अनीता देवी, रीना देवी, प्रवेश, ममता सुकुमा, बिनीता, धागोदेवी, अंशुपाल आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने मिठाई की दुकानों से लिए नमूने


मिठाई की दुकान पर नमूना लेते अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, कुवरगांव

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन के मद्देनजर डीएम निधि श्रीवास्तव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम लगातार छापेमारी कर रही है। बुधवार को टीम ने न्यू राधिका स्वीट्स से बर्फी, गुप्ता स्वीट्स से लड्डू, भाग्य श्री स्वीट्स से बर्फी, का नमूना लिया। सभी नमूने खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच के बाद नमूना मानक अनुसार न मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी। टीम ने दुकानदारों को खाद्य पदार्थों को ढककर व गुणवत्ता पूर्ण बनाने के निर्देश दिए। बिना लाइसेंस के कारोबार करने पर कड़ी कार्यवाही करने की हिदायत दी। कस्बे में मिष्ठान व किराना दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। कुछ दुकानदार दुकानें बंद कर भाग गए। कुछ दुकानदारों ने टीम पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। टीम चौराहे से ही नमूने लेकर वापस हो गई जबकि कस्बे के अंदर कई मिष्ठान की दुकान व दूध की डेयरी संचालित हैं। दुकानदारों का आरोप है कि सभी डेयरी संचालकों व पनीर बनाने वालों से प्रति माह मोटी रकम विभाग के जिम्मेदारों को पहुंचती है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामपाल सिंह, सतेंद्र सिंह तोमर, भगवत सिंह, माता शंकर बिंद, राजेंद्र नाथ मिश्रा, सीमा यादव, खुशीराम मौजूद रहे।

# अपहरण के 21 दिन के बाद भी महिला का नहीं लगा सुराग

**बिसौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी चार लोग मानसिक मंदित महिला को बहला फुसलाकर ले गए थे। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। 21 दिनों के भी महिला का सुराग नहीं लग सका है।

गांव निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 जुलाई को गांव निवासी शेर मोहम्मद, उसकी पत्नी शकीला, बेटी रबीना, पुत्रवधु नेहा उनके परिवार की मानसिक मंदित महिला को बहला-फुसलाकर बिसौली ले गए थे। उसी दिन शाम को महिला के पति ने शेर मोहम्मद से पूछ तो उसने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। पुलिसने 26 जुलाई को गुमशुदगी दर्ज की थी। जिसके बाद से परिजन उसकी तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल ब्रजेश सिंह ने बताया कि महिला को जल्द बरामद करके आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# भाकियू ने रैली निकाली, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस पर किसानों ने बैलगाड़ी एवं ट्रैक्टरों से रैली निकाली, रैली का नेतृत्व रविंद्र सिंह पटेल ने किया। अध्यक्षता सूरजपाल सिंह जिला सचिव ने की। जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।


ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी। • अमृत विचार

• फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी मांगी

जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की गारंटी कानून बनाया जाए एवं बिजली बिल अधिनियम 2022 समाप्त किया जाए। किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए, एवं स्वामीनाथन की सिफारिश लागू की जाए। चौधरी ऋषभ सिंह ने कहा कि गांव-गांव बीमारी फैल रही है। दवाई का छिड़काव कराया जाए, जिससे कि लार्वा और मच्छर खत्म हो सकें। जिले के सभी थानों में किसानों व गरीब जनता का शोषण हो रहा है। समस्याओं को अनदेखा किया जाता है। अब संगठन थानो को घेरेगा। पूनम गुप्ता मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अस्पतालों में बाहर से आए रोगियों की ठीक से देखरेख नहीं की जाती है, दवाइयां भी बाहर से खरीदनी पड़ती हैं। समस्याओं का समाधान कराया जाए इस मौके पर ऋषभ चौधरी, प्रताप सिंह, हरि सिंह, हरबंस सिंह ,सूरजपाल सिंह, अशोक कुमार, पूनम गुप्ता, परमेंद्र यादव, द्वारकेश सिंह, सतपाल यादव, कमल गुप्ता, नरेंद्र पाल सिंह, पुनीत चौधरी, सत्येंद्र सिंह, रजत परमानंद प्रमोद यादव, देवेंद्र सिंह, सद्दाम गाजी, हरबंस सिंह, बाबा जी डॉक्टर साहब सिंह, पन्नालाल ,नाथू सिंह, प्रेमपाल सिंह, दिनेश, रजनीश, कलेक्टर सिंह यादव, आदि मौजूद रहे।

(खबरें पेज 14 पर भी)

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अतः हमें सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।


## संपादकीय

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव

दस वर्ष बाद जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में आतंकवाद-सुरक्षा जैसे मुद्दे बड़े हैं। वहां शांतिपूर्ण चुनाव न केवल चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों बल्कि भारतीय सेना के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। विधानसभा चुनाव कराने के लिए क्षेत्रीय दलों की बढ़ती मांग के बीच आयोग की टीम ने पिछले दिनों राज्य में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया था। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2019 में धारा 370 हटने व केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। क्योंकि 2019 तक यह जम्मू और कश्मीर राज्य का एक हिस्सा था, जब राज्य का विशेष दर्जा रद्द कर दिया गया था और इसे जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत दो केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू और कश्मीर और लद्दाख) में विभाजित किया गया था। इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में पांच न्यायमूर्तियों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा था। साथ ही शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को इस साल सितंबर तक इस पूर्ववर्ती राज्य में विधानसभा चुनाव कराने के लिए कदम उठाने को कहा था। जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा 2014 में पांच चरणों में हुआ था। तब यह एक राज्य था और लद्दाख उसका हिस्सा था।

2018 में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गठबंधन सरकार के पतन के बाद, जम्मू-कश्मीर में कोई प्रतिनिधि सरकार नहीं थी। सरकार के दावों के बावजूद वहां आतंकी घटनाएं बढ़ीं। इसके बाद लोकसभा चुनाव में माहौल बदला। महत्वपूर्ण है कि मतदाताओं ने चुनाव बहिष्कार की पिछली प्रवृत्ति से पीछे हटकर पांच लोकसभा सीटों पर 58 प्रतिशत का ऐतिहासिक मतदान किया था। जबकि 1990 के बाद से जम्मू-कश्मीर का मतदान प्रतिशत कभी भी 50 प्रतिशत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। लोकतंत्र की ऐसी झलक से पता लगता है कि वहां की जनता बदलाव चाहती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जनता इस बदलाव का हिस्सा भी बनना चाहती है। वास्तव में अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा दिखाए गए विश्वास से केंद्र को उत्साहित होना चाहिए कि हर कोई चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करना चाहता था। पिछले दिनों वहां आतंकी घटनाएं फिर से बढ़ी हैं। इसी वर्ष जम्मू क्षेत्र में जुलाई में तो स्थिति यह थी कि जम्मू क्षेत्र में 10 जगहों पर आतंकी हमले हो गए थे, जिनमें 12 जवान शहीद हुए। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक रूप से अस्थिर क्षेत्र में शांति स्थापित होगी और खुशहाली कायम होगी।

# ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों के डाटा का यक्ष प्रश्न



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

कर्णम मल्लेश्वरी पहली महिला भारतीय खिलाड़ी है, जिसने सन 2000 के खेलों में भारोत्तोलन में कांस्य पदक हासिल किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने सन 1900 से 2024 के बीच में 26 बार की भागीदारी में कुल 41 मैडल अभी जीते है। अभी तक के ओलंपिक खेलों के इतिहास में 2900 से अधिक मेडल्स लेकर अमेरिका प्रथम स्थान पर है।

बर्लिन ओलंपिक गेम्स और उस के कुछ सालों बाद तक के वे दिन गए जब भारत की हॉकी टीम ने लगातार छः बार गोल्ड मैडल जीता और अनेक बार विश्व विजेता बनी। हॉकी में हमने अभी तक आठ गोल्ड मैडल प्राप्त किए हैं। ओलंपिक गेम्स में भारत ने पहली बार सन 1900 में सिर्फ एक खिलाड़ी, नार्मन प्रिचर्ड, को भेजकर हिस्सा लिया था। ओलंपिक खेलों में सन 1920 से नियमित तौर से खिलाड़ियों का दल भारत की ओर से भेजा जाने लगा था। दूसरे विश्वयुद्ध के कारण सन 1940 और 1944 में ओलंपिक खेल आयोजित नहीं किए जा सके थे। सन 1952 में हेल्सिन्की में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों में भारत की ओर से पहली बार एक महिला धावक नीलिमा घोष को भेजा गया था। सन 1984 में लॉस एंजेल्स, 1988 के सोल (कोरिया) और सन 1992 में बार्सिलोना में हुए ओलंपिक खेलों में भारत की झोली खाली रही।

कर्णम मल्लेश्वरी पहली महिला भारतीय खिलाड़ी है, जिसने सन 2000 के खेलों में भारोत्तोलन में कांस्य पदक हासिल किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने सन 1900 से 2024 के बीच में 26 बार की भागीदारी में कुल 41 मैडल अभी जीते है। अभी तक के ओलंपिक खेलों के इतिहास में 2900 से अधिक मेडल्स लेकर अमेरिका प्रथम स्थान पर है। इसके बाद सर्वाधिक संख्या में मैडल लेने वाले देश सोवियत यूनियन-रूस, ब्रिटेन और फ्रांस और चीन हैं। एक जमाना हुआ करता जब भारत में एक रेडियो स्पोर्ट्स कमेंटेटर एंथनी द मेल्लो होते थे। इन्होंने सन 1960 में पोर्ट्रेट ऑफ़ इंडियन स्पोर्ट नाम से 400 पन्नों की एक किताब लंदन से प्रकाशित की थी। भारत में प्रकाशित स्पोर्ट्स की पत्रिकाओं में से शायद एक ने भी कभी स्पोर्ट्स साइंस के पहलुओं पर गहन और विवेचनात्मक लेख प्रकाशित नहीं किए। स्पोर्ट्स में कम्पीटीटिव युग की ग्लोबल शुरुआत से पहले प्राचीन भारत में ग्राम्य क्रीड़ाओं या वनांचलीय स्पोर्ट्स सरीखे खेल मार्शल आर्ट्स के दायरे में रहे। प्रक्रियात्मक रूप और परफॉरमेंस के लिहाज से ये सभी कुछ समय से ग्लोबल पर्सपेक्टिव को देखते हुए जटिल बना दिए गए हैं। तकनीक तो कभी से ही स्पोर्ट्स में रही है, लेकिन ह्यूमन बॉडी को लेकर जिस तरीके से एंड्यूरेन्स परीक्षण और शरीर की थ्रेसहोल्ड लिमिट्स को वैज्ञानिक ट्रेनिंग और आहार रेगुलेशन से पुनर्निर्मित किया जाता है उसमें मौलिक या बेसिक अनुसंधान और उन्नत टेक्नोलॉजी से इंटरवेंशन का हाथ बढ़ा हो गया है। भारत में यह मामला अभी इतना उन्नत स्तर पर नहीं है जबकि चीन, अमेरिका, जापान और जर्मनी आदि के खिलाड़ियों की ट्रेनिंग और विकास में यह मुख्य पहलू है। हमारे यहां के पहलवान को दस सेर दूध और आधा किलो घर का बना मक्खन रोजाना खाना पड़ता है, तब ही बुजुर्ग मानते हैं कि छोरा या छोरी पहलवानी ठीक से कर पाएंगे। ऐसी अवधारणा विज्ञान के नजरिए से निम्न स्तर की और खतरनाक भी पाई गई है।

भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरू में वैज्ञानिक जांच आयोग का गठन किया जाना एक बेहतर आप्शन है। इसकी इन्वेस्टीगेशन्स के आधार पर तय किया जाए कि आईओसी से संबद्ध सीएएस द्वारा विनेश के बारे में लिया गया निर्णय वैज्ञानिक जानकारी की पृष्ठभूमि और स्टेटिस्टिकल एनालिसिस के आधार पर संदेहमूलक क्यों नहीं है।

ओलंपिक खेलों के लिए जारी की गई नियमावली के अनुसार शारीरिक और मानसिक तौर से योग्य न पाए जाने पर एक खिलाड़ी को अयोग्य घोषित करके प्रतिस्पर्द्धा से बाहर करने के जो अन्य कारण हैं। इनमें दुर्घटना, विवाद, आयोजन या इवेंट स्थगन और कुछ तरह के स्कैंडल्स रहे हैं। सन 1908 में लंदन में आयोजित किए गए समर ओलंपिक गेम्स से लेकर पेरिस में सन 2024 के 26 आयोजनों के दौरान अभी तक सैंकड़ों बार ऐसी दिक्कतें हुई हैं, जिनमें से शारीरिक माप-तौल की योग्यता से संबंधित भी कुछेक शिकायतें रहीं। ऐसे भिन्न प्रकार के ऐतराजों का विवरण संबंधित सूचना साहित्य और विकिपीडिया पर लिस्ट ऑफ ओलंपिक गेम्स स्कैंडल्स एंड कंट्रोवर्सीज के शीर्षक से वेबसाइट पर देखा जा सकता है। सन 2024 के खेलों में विनेश के मामले के अलावा फिलस्तीन, नीदरलैंड्स और मलेशिया की टीम्स के मेनेजर्स की ओर से नस्ली अत्याचार, अपराध कर्म और पोशाक को लेकर ऐतराज जताए गए। विनेश फोगाट का मामला शारीरिक भार की सीमा को लेकर हुआ। इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी से संबद्ध कमेटी ऑफ़ आर्बिट्रेशन इन स्पोर्ट्स ने विनेश और इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा संपुष्ट की गई याचना की समीक्षा की अर्जी पर विचार करने के उपरांत छूट के मामले खारिज कर दिया है। इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष ने बयान देते हुए पहले कहा था धावकों के मामलें में तो पुनर्निर्णय का मामला और भी कठिन हो जाता है, क्योंकि फिनिश लाइन को टच करने के विवाद वाले किसी मसले पर निर्णय लेने के लिए एक सेकंड के हजारवें हिस्से को भी ध्यान में रखना होता है? अध्यक्ष की आशंका थी कि विनेश जैसी घटनाओं के बुरे असर को सुलटाने हेतु लिया गया उदार निर्णय भविष्य में उदाहरण अर्थात एक बैड प्रिसीडेंस बनकर ओलंपिक प्रतिस्पर्द्धाओं के समदृश्यता को प्रभावित कर सकता है।

भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरू में वैज्ञानिक जांच आयोग का गठन किया जाना एक बेहतर आप्शन है। इसकी इन्वेस्टीगेशन्स के आधार पर तय किया जाए कि आईओसी से संबद्ध सीएएस द्वारा विनेश के बारे में लिया गया निर्णय वैज्ञानिक जानकारी की पृष्ठभूमि और स्टेटिस्टिकल एनालिसिस के आधार पर संदेहमूलक क्यों नहीं है। संबद्ध वैज्ञानिक साहित्य की तलाश और सावधानीपूर्वक इसे पढ़ने से उन खामियों का पता चलता है, जो वजन रखरखाव को लेकर विनेश फोगाट के सुपर फाइन और प्रशिक्षित शरीर को संभालने में हुईं। साथ गई मेडिकल टीम इस प्रकार के रिसर्च साहित्य से वाकिफयत नहीं रखती, जिसकी जरूरत अंतिम दौर के बाउट से पहले वेट कटिंग की जरूरत पड़ने हो सकती है। अखाड़े में पहुंचने से पहले विनेश द्वारा अपनाए गए घोर व्यायाम के तरीकों और टाइमिंग पर वे बारीक वैज्ञानिक दृष्टि नहीं रख सके। न ही विनेश के स्केलेटेल मसल-क्लॉक की रीडिंग्स नोट करने के उपाय किए गए। अखाड़े में उतरने से पहले विनेश को अयोग्य घोषित करने के लिए एक घंटा पहले के शारीरिक पैरामीटर्स और संकेतों का इस्तेमाल किया जाना गलत क्यों था इसे सिद्ध करने में डॉक्टर दिन्शा तात्कालिक रूप से उपयुक्त एवं समर्थ व्यक्ति नहीं थे, क्योंकि वे न्यूरो-फिजियोलॉजी और संबद्ध विज्ञान में न शोधकार्य करते हैं और न ही लेटेस्ट शोध रिपोर्ट्स से वाकिफ रहे होंगे। आईओसी ने गणितीय नियमों का पालन किया, लेकिन सिद्धांतों और सांख्यिकी विज्ञान की अनदेखी की। विनेश को प्रतिस्पर्द्धा से बाहर किए जाने जैसी अनहोनी घटना के असर की व्यापकता के सभी पहलुओं पर वैज्ञानिक विमर्श के बिना बात को पूरी तरह समझना कठिन है।

भारत में एथलीट्स और कॉम्बैट स्पोर्ट्स पर्सन्स को ट्रेनिंग के दौरान या प्रतिस्पर्द्धा से पहले के ट्रेनिंग सेशंस पर निगरानी रखने और ट्रेनिंग रेजिमेन की एनालिसिस करने में मैथमेटिक्स और स्टेटिस्टिक्स का इस्तेमाल होता भी है या नहीं, यह बात हमें मालूम नहीं है। स्पोर्ट्स साइंस एंड स्टेटिस्टिशियंस की पोस्ट भारत सरकार के खेल मंत्रालय, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया और एनआईएस पटियाला में कभी क्रिएट की गई या नहीं, इस बारे में कुछ मालूम नहीं। इस बारे मैंने कुछ ढूंढा तो स्कैन्डिनेवियन जर्नल ऑफ़ मेडिसिन एंड साइंस इन स्पोर्ट्स से बढ़िया शोध पर्चा-प्रिवेंटिंग ओवरट्रेनिंग इन एथलीट्स इन हाई इंटेंसिटी स्पोर्ट्स एंड स्ट्रेस/रिकवरी मोनिटरिंग, निकल कर सामने आया। यह पूरा पर्चा स्टेटिस्टिकल मॉडलिंग पर आधारित है। मुझे नहीं मालूम हमारे स्पोर्ट्स ट्रेनर्स किस प्रकार से खिलाड़ियों की ट्रेनिंग का डाटा जुटाते हैं और किस प्रकार से इसकी एनालिसिस करते होंगे। कुछ तो होता है, जो हमें ओपन एक्सेस पब्लिकेशन्स के जरिए मालूम नहीं हो पा रहा है। अगर वर्ल्ड वाइड वेब पर, स्कोपस या मेडलाइन पर यह इंफार्मेशन नहीं तो भी पूर्वधारणा बनाकर यह सोच लेना कि ऐसा कोई प्रयास हमारे यहां नहीं होता, एथिकल नहीं। परन्तु सूचना अभाव से उपजी मजबूरी जरूर है, जो पर्याप्त रूप से यह संकेत देती है कि बड़े स्तर की खेल प्रतिस्पर्द्धाओं के लिए तैयार किए जाने वाले खिलाड़ियों के बारे में एक डाटा होना चाहिए ताकि स्पोर्ट्स फिजियोलॉजी, एनाटॉमी, इम्यून सिस्टम अर्थात प्रतिरक्षा प्रणाली का स्टेटस, न्यूट्रीशन और आहार की किस्म, मेटाबॉलिज्म, बायोमैकेनिक्स, इंजरी, ऑर्थोपीडिक्स और किस्म एवं शरीर की जैवघड़ी के अनुसार एक्सरसाइज की किस्म और अवधि के बारे में शोध किया जा सके और प्रत्येक खिलाड़ी को व्यक्तिगत रूप से वैज्ञानिक विधि से तैयार किया सके।

## प्रसंगवश

# बलात्कार व हत्या का दोषी कौन

माता-पिता के लिए उनका बच्चा महज पुत्र या पुत्री ही नहीं होता, वह एक सपना होता है, जिसके लिए उन्होंने न जाने कितनी रातें जागकर बिताई होती हैं और न जाने कितना पसीना बहाया होता है। इस एक सपने में माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर सैंकड़ों सपने देखते हैं और जब ऐसे जवान सपनों का नरसंहार होता है तो उनकी मनोस्थिति की कल्पना भी डराती है।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में अपनी 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर पुत्री को लेकर भी उनके अभिभावक उस रात चैन की नींद सोते हुए संभवतः अनेक सुनहरे सपने देख रहे होंगे। अचानक उन्हें हॉस्पिटल से सूचना आती है कि उनकी पुत्री ने आत्महत्या कर ली है। परिजनों के अनुसार शव पूर्ण नग्न अवस्था में था। निजी अंगों सहित शरीर के कई हिस्सों से खून बह रहा था तथा दोनों टांगें अलग-अलग दिशा में थी यानी कि शरीर को चीर दिया गया था। दिल्ली में निर्भया बलात्कार कांड में जो कुछ हुआ था लगभग वैसी ही भयावह स्थिति इस शव की भी थी। कहा जाता है कि इस अस्पताल के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉक्टर संदीप घोष बड़े राजनीतिक रसूख वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने इस मामले को शुरू में कवरअप कर आत्महत्या का रंग देने का प्रयास किया। मामला इतना गंभीर था कि वे समझ गए होंगे कि अब कवरअप नहीं चलेगा। प्रिंसिपल ने यहां तक कहा कि रात एक बजे सेमिनार रूम में जाने की जोखिम लेना लेडी डॉक्टर की मूर्खता थी। मृतका को मनोरोगी बताने का भी प्रयास किया गया।



डॉ. आकाश माथुर
असिस्टेंट प्रोफेसर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग, एसजीपीजीआई, लखनऊ

इस मामले में छात्रों के भारी विरोध और हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. घोष ने इस्तीफा दिया, लेकिन सरकार ने उन्हें कुछ ही घंटे में एक अन्य मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बना दिया। इस पर हाईकोर्ट ने दोबारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. घोष को लंबी छुट्टी पर जाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा-आप बहुत ताकतवर हैं, "आपके पद पर रहते निष्पक्ष जांच हो पाना मुश्किल है।" हाई कोर्ट की कड़ी टिप्पणी के बाद इस निर्लज्ज डॉ घोष ने लंबी छुट्टी के नाम पर 15 दिन की छुट्टी का आवेदन करके इसकी प्रतिलिपि हाई कोर्ट में भेज दी।

इस घटना ने पूरे देश के हर संवेदनशील इंसान को अंदर तक हिला दिया है। यह बात अलग है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। इस मामले में चुप्पी साधने वाले लोग अपनी विरोधी पार्टी विशेष के राज्य में बलात्कार की घटना पर गिद्ध की तरह कैमरे लेकर संवेदना प्रकट करने पहुंच जाते हैं। बड़े शहरों की आवासीय सोसाइटी में औसत दर्जे की सिक्योरिटी एजेंसी भी सुरक्षा का इतना इंतजाम कर लेती हैं कि सामान्यतः सोसाइटी के अंदर घुसकर किसी की अपराध करने की हिम्मत नहीं होती। फिर आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा के नाम पर क्या मजाक हो रही था?

संजय राय का नाम का जो कथित अपराधी पकड़ा गया है वह सिविक कार्यकर्ता था, लेकिन वह अस्पताल में रोगियों को भर्ती करवाने के लिए दलाली करता था। एक बाहर के व्यक्ति को सिस्टम के भीतर तक घुसने और स्वच्छंद विचरण की अनुमति कैसे थी?

कुल मिलाकर यह मामला बताता है कि सिस्टम के लिए डॉक्टर की जान की कोई कीमत नहीं थी तथा सिस्टम ने इस जघन्य हत्या और बलात्कार को आत्महत्या का रूप देकर कवर अप करने की कोशिश की, लेकिन मामला इतना गंभीर था कि इसे छुपाना उनके लिए संभव नहीं था। अब इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने से पीड़िता को मृत्युपरांत न्याय मिलने की संभावना पैदा हुई है, लेकिन जांच का दायरा सिर्फ हत्यारे को पकड़ने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए वरन इस बात की भी तहकीकात होनी चाहिए कि इस मामले को कौन और क्यों करने की कोशिश कर रहा था? क्या अपनी आवाज उठाकर सरकार को कार्रवाई के लिए मजबूर करने के लिए आपका किसी ऐसी जाति से संबंधित होना जरूरी है जो संख्या और वोटों की दृष्टि से सरकार या राजनीतिक पार्टियों के लिए महत्वपूर्ण हो?

# बांग्लादेश में हालिया सत्ता परिवर्तन के मूल में



अनूप शुक्ल
कानपुर

बांग्लादेश में हालिया सत्ता परिवर्तन के मूल में लोकतंत्र के चुने हुए शासक का अलोकतांत्रिक होते हुए तानाशाह होते चले जाना रहा।

पिछले दिनों बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ। आंदोलनकारियों ने हसीना शेख की चुनी हुई सरकार को नकारकर उनको देश से भागने के लिए मजबूर कर दिया। देश में अराजकता की स्थिति पैदा हुई। अल्पसंख्यकों पर अत्याचार होने लगे। उनके घर, संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। आंदोलनकारी छात्रों ने नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुखिया बनाया। 84 वर्षीय मोहम्मद यूनुस ने अल्पसंख्यकों पर हिंसा रोकने की अपील की। यह भी कहा -'अगर अल्पसंख्यकों पर हिंसा न रुकी तो वे देश छोड़ देंगे।' बांग्लादेश से आए समाचारों के अनुसार वहां हिंसा में कमी आई है। हिंसा रुकी है। बांग्लादेश के एक समाचार पत्र के संपादक के अनुसार वहां के कट्टरपंथी संगठन ने भी हिंसा रोकने और अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और संपत्तियों की रक्षा करना शुरू किया है। मोहम्मद यूनुस ढाका के प्रसिद्ध मंदिर जाकर स्थितियों को सामान्य करने का प्रयास किया है।

बांग्लादेश में पिछले पंद्रह वर्षों से शेख हसीना का शासन था। उनके कार्यकाल में बांग्लादेश ने आर्थिक तरक्की के नए आयाम छुए थे। भारत-बांग्लादेश संबंध बहुत अच्छे थे। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के पहले तक वहां की कोई नकारात्मक खबर समाचारों में नहीं थी। सत्ता परिवर्तन होने के बाद तमाम पुरानी कहानियां सामने आने लगीं। शेख हसीना की सत्ता पर पकड़। उनके लोकतंत्र की आड़ में तानाशाह जैसे रवैए की कहानियां सामने आईं, जिसने भी उनका विरोध किया उसको जेल में डाल दिया। नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस भी जेल जा चुके थे। उनकी विरोधी खालिद जिया कई वर्षों से जेल में थीं। शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन 2018 से शुरू हुआ था। आरक्षण को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अदालत के फैसले के बाद समाप्त हो जाना चाहिए था, लेकिन लोगों के गुस्से के कारण शायद और भी थे। सत्ता की हनक में शेख हसीना ने आंदोलनकारियों से बात करना भी गवारा नहीं किया। उनको 'रजाकार' (गद्दार) बताया। आंदोलनकारियों को 'रजाकार' कहने ने पेट्रोल में स्पार्क का काम किया। लोग भड़क गए। आंदोलनकारियों को गद्दार कहना उसी तरह से है जैसे अपने देश की आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों का साथ देने वालों को आज गद्दार कहना।

लोगों ने इस सत्ता परिवर्तन की अपने-अपने हिसाब से व्याख्या की। सत्ता परिवर्तन में अमेरिका/चीन /पाकिस्तान का हाथ बताया। हाथ किसी का रहा हो, लेकिन यह साफ है कि बांग्लादेश की जनता का बड़ा हिस्सा उनके खिलाफ हो गया था। जिस अवामी लीग के वोटों से चुनकर वे प्रधानमंत्री बनी थीं उन लोगों की भी हिम्मत नहीं हुई कि अपनी प्रधानमंत्री के बचाव में सड़क पर उतरें। दुखद स्थिति यह है कि अब देश के सभी तरफ पड़ोसियों से हमारे देश के संबंध भरोसेमंद नहीं हैं। सभी पड़ोसी देशों की सरकारें या तो हमारे देश के साथ तनावपूर्ण संबंध हैं या वे हमारे दुश्मन देशों के प्रभाव में हैं। यह हमारी विदेश नीति की असफलता है। हम या तो पड़ोसी देशों के अच्छे संबंध बनाने में असफल रहे या उनको दूसरे देशों के प्रभाव में जाने से रोक नहीं पाए।

बांग्लादेश में हालिया सत्ता परिवर्तन के मूल में लोकतंत्र के चुने हुए शासक का अलोकतांत्रिक होते हुए तानाशाह होते चले जाना रहा। शेख हसीना ने देश के हर संस्थान पर अपने पिट्ठू बैठाए हुए थे। वे उनके इशारे पर काम करते थे। उनकी मर्जी के बिना उन संस्थानों में पत्ता हिलना तो दूर, शायद हवा भी नहीं चलती थी। न्यायालय, विश्वविद्यालय, पुलिस सब जगह वही होता था, जो शेख हसीना चाहती थी। यह किसी भी देश के लोकतंत्र के लिए घातक होता है।

लोकतांत्रिक देशों में लंबे समय तक शासक रहने वाले को भ्रम हो जाता है कि देश का भला केवल वही कर सकता है। इस मामले में अमेरिकी व्यवस्था सही है कि कोई भी राष्ट्रपति अधिकतम दस साल तक रह सकता है। हर लोकतांत्रिक देश में यह व्यवस्था लागू होनी चाहिए। लोकतंत्र में जिन लोगों को सत्ता मिलती है वे इससे चिपके रहना चाहते हैं। इसका कारण यह है कि आजकल सत्ता से जुड़े रहने पर बेशुमार संपत्ति सुनिश्चित होती है, जो लोग किसी सरकार को चुनने के लिए पैसा देते हैं वे चाहते हैं कि सरकार बनी रहे ताकि वे पैसा पीटते रहें। मुनाफा कमाते रहें। सत्ता और पैसे वालों का आपराधिक गठजोड़ दिन पर दिन मजबूत होता जाता है। आशा है कि अपने देश के लोग बांग्लादेश की समस्या से सबक लेंगे। जनता का भला किससे होना यह बात जनता से जुड़ने पर ही पता चलती है, जो लोग जनता से कट जाते हैं उनका पतन देर-सबेर अवश्यंभावी होता है।

## सोशल फोरम

# कानून के लंबे हाथ

कानून के हाथ कितने लंबे हो सकते हैं, इसका ज्ञान मुझे सेवानिवृति के 23 वर्ष पश्चात अभी हाल में उपलब्ध हुआ। वर्षा ऋतु के प्रारंभ से ही दिल्ली पर इंद्र भगवान की विशेष कृपा रही। इस वर्ष एक दिन इस उफनाती नदी के बहाव को 'राउज आईएएस कोचिंग सेंटर' का गेट सहन न कर सका। नवयुवक भागे, परंतु केवल एक संकुचित निकास द्वार होने के कारण उनमें से तीन वहीं फंस गए और प्राण गंवा बैठे। न्यूज चैनल वालों को इस दुर्घटना का पता लगा, तो दौड़ पड़े-कम से कम तीन दिन तक 24 घंटे सनसनी फैलाने के लिए पर्याप्त मसाला जो मिल गया था। घटनास्थल के 360 अंश के हर कोण से वीडियो बनाकर प्रसारित किए जाने लगे। आनन-फानन में पैनलिस्ट इकट्ठे हो गए और टीवी चैनलों पर बहसें छिड़ गईं। भारतवर्ष में तलघर में चलने वाले समस्त कोचिंग केंद्रों को अविलंब बंद किए जाने और राउज कोचिंग सेंटर के संचालक और उसके भवन के मालिक को अविलंब गिरफ्तार कर जेल में सड़ाने की मांग उठने लगी। एक पैनलिस्ट द्वारा यह दुर्घटना दिल्ली प्रांत की सरकार की सबसे बड़ी लापरवाही बताकर उसे बरखास्त करने की गलाफाड़ मांग की गई, तो दूसरा इसे सत्तारूढ़ दल की साजिश बताकर ताल ठोंकने लगा और तीसरा 24 घंटे बीतने पर भी पुलिस द्वारा कोई गिरफ्तारी न होने पर पुलिसजनों की ऐसी-तैसी करने लगा। इस बीच सड़क पर लगे सीसीटीवी को खंगाला गया, तो गेट के टूटने से ठीक पहले एक कार उसके सामने से गुजरकर धीरे-धीरे आगे बढ़ती दिखाई दी। गेट के सामने आने पर कार और गेट के बीच जलस्तर ऊंचा उठ गया था, जिसे टीवी वालों ने गेट के टूटने का मुख्य कारण बता दिया। बस फिर पुलिस ने उस कार के नंबर से अविलंब उसके ड्राइवर को ढूंढ निकाला। वह बिचारा यह समझ पाता कि माजरा क्या है, उसके पहले ही पुलिस वालों ने उसे बंदी बनाकर जेल भेज दिया। मेरी 38 साल की पुलिस सेवा में अनेक प्रकरण आए हैं, जिनमें कानून ने अपने लंबे हाथ दिखाए थे, परंतु मैं कानून के हाथों की इस तरह की लंबाई देखकर आशंकित हूं कि एक दिन दिल्ली की पुलिस उस पानी, जिसने गेट तोड़ा और तलघर में घुसकर तीन हत्याओं का कारण बना, को ही गिरफ्तार कर चालान न कर दे।




महेश चंद द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

-फेसबुक वॉल से

# जनता-जनार्दन

समझने की बात है संप्रभुता या राजसत्ता का स्रोत जनता है। जिन श्रमिकों ने सड़कें बनाईं हैं, समुद्र को पाटा है, पर्वतों को पीस कर खेत बनाए हैं, खानों में प्रवेश करके संपदा का दोहन किया है, अपनी जान हथेली पर लेकर बहुमंजिले महल बनाए हैं, जिनकी बदौलत उद्योग चल रहे हैं, वे श्रमिक इसी जनता में से आए हैं। छल छद्म को सहते हुए भी वही जनता श्रम-साधना का स्रोत है। नेता अन्न नहीं उपजाता। नेता युद्ध के मैदान में जाकर युद्ध नहीं करता। जिन शूरवीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की है, वे वीर सेनानी इसी जनता में से आए हैं।

नेता वैज्ञानिक नहीं हैं, जिन वैज्ञानिकों के उपग्रह वृहस्पति को छूने को गए हैं, वे वैज्ञानिक इसी जनता में से आए हैं, नेता अध्येता नहीं है, जिन अध्येताओं की वजह से विश्व में भारतीय संस्कृति की पहचान बनी है, वे इसी जनता में से आए हैं। इतने पर भी नेता अपने को जनता से ऊपर समझता है। जनता समष्टि का नाम है। जनता परिस्थितियों के बीच फंसी हुई हो सकती है, विवश हो सकती है, छिन्न-विच्छिन्न और असंगठित हो सकती है, उसकी समष्टिचेतना सोई हुई हो सकती है, वह पराजित मनः स्थिति में हो सकती है, वह असहाय हो सकती है, लेकिन जनता मूर्ख नहीं है। राष्ट्र की सिद्धि जनता की एकता में है। जाति अथवा धर्म के नाम पर जनता की एकता को तोड़ना राष्ट्रद्रोह है। लोकतंत्र में पार्टी बड़ी नहीं होती, जनता ही बड़ी होती है। सर्वोपरि राष्ट्र का मतलब सर्वोपरि जनता और पहले राष्ट्र का मतलब पहले जनता के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं हो सकता। चुनाव से पहले जो नेता कहते हैं कि जनता हमारी माई-बाप हैं, जनता सब जानती है, जनता की अदालत में जाएंगे, हम जनता के सेवक हैं, जनता की इच्छा ही सर्वोपरि है, जनता का दुख दर्द ही हमारा दुखदर्द है। वे ही लोग चुनाव के बाद कह देते हैं कि जनता ने हमें जिताया है। जनाधार तो हमारे ही पास है जनता बेवकूफ है, जनता लोकतंत्र के लायक ही नहीं है, यह जनता तो डिक्टेटरशाही के लायक है, जनता भ्रष्ट है। जनता चरित्रहीन है। जनता भेड़चाल है। जनता को, जन-समष्टि को, मूर्ख कहने वाला आदमी ढीट भी है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जनता समुद्र की तरह से है। समुद्र विज्ञानी बतलाते हैं कि समुद्र की इस सतह पर जल के इस प्रकार के गुण-धर्म होते हैं दूसरी सतह पर इस प्रकार के जलजीव होते हैं, इस प्रकार की वनस्पतियां होती हैं, इस प्रकार का प्रवाह होता है, इस प्रकार की गतियां होती हैं, आदि-आदि। इसी प्रकार जनता के बीच असंख्य श्रेणियां हैं, असंख्य रूप, गुण और स्वभाव हैं, इन श्रेणियों में पत्थर भी हैं और मणि तथा रत्न भी हैं। जैसे समुद्र में विष भी होता है और अमृत भी होता है, उसी प्रकार इस जनसमुद्र में राक्षस भी हैं, पशु भी हैं और देव तथा मनुष्य भी हैं। एक से एक मेधावी हैं, साधक हैं तो दूसरी ओर वज्रमूर्ख भी हैं। जनता का सरलीकरण नहीं किया जा सकता। समुद्र में तूफान उठता है, वैसे ही क्रांति की शक्तियां जनसामान्य के बीच ही उठती हैं।

## आपका पत्र

### बंदरों का आतंक

बरेली के नगर आयुक्त, मेयर, पार्षदों और अधिकारियों को सूचित करना चाहता हूं कि विगत कई महीनों से शहर की पाश कालोनी माने जाने वाले, रामपुर गार्डन में बंदरों ने जानलेवा आतंक मचा रखा है। पहले तो इनका दल केवल पेड़ पौधों और किचन, गार्डन में ही अपना उत्पात मचाकर यहां के निवासियों को आतंकित करते थे, लेकिन अब तो यह घरों के आंगन में सूख रहे कपड़ों को फाड़कर फैंकने लगे हैं। साथ ही जब इन्हें कोई अकेला व्यक्ति दिख जाता है तो यह उस पर जानलेवा हमला करने से भी नहीं चूकते हैं। अपनी उछलकूद से बिजली के पोल पर लगे तारों से कनेक्शन तोड़ना तो इनके लिए रोजाना की बात है। रामपुर गार्डन के जीवन बीमा कार्यालय के पास तो इनका आतंक चरम पर है, क्योंकि इधर पेड़ अधिक लगे हुए हैं।

नगर निगम के समस्त जिम्मेदार सदस्य और अधिकारी इन आतंकी और खूंखार बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की कृपा करें।

- **विनोद कुमार डबराल**, बरेली।

### सबसे बड़ा धर्म

शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है, जिससे मनुष्यता का पुष्प पूर्ण विकसित हो सकता है और मनुष्य जीवन महक सकता है। इसलिए सभी ग्रामवासियों से अपेक्षा है कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें और ग्राम स्तर पर एक पुस्तकालय का निर्माण करें। जहां खेती-बाड़ी, पशुपालन और वैज्ञानिक ढंग से शारीरिक मानसिक बौद्धिक क्षमताओं से संबंधित पुस्तकें तथा पत्रिकाएं पढ़ने के लिए उपलब्ध हो सकें। परस्पर ईर्ष्या एवं जलन की प्रवृत्ति छोड़ें। परस्पर एक दूसरे के सहयोगी बनें। सत्यनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और परिश्रमी बनें।

आज हम विज्ञान के अविष्कारों से जीवन को सरलता से जी पा रहे हैं। इसलिए धार्मिक कर्मकांडों एवं पाखंडों से मुक्त हो जाइए। परस्पर एक दूसरे से प्रेम करिए। सहयोग करिए। यही सबसे बड़ा धर्म है। गांवों में जंगली जानवरों, बंदरों और गौवंश से फसल चौपट हो रही है, जिससे तुम कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हो। यह तुम्हारे ग्राम स्तर की समस्या है इसका तुमको खुद ही समाधान करना होगा। इससे मुक्ति के लिए शासन-प्रशासन के समक्ष जोरदार ढंग से मांग उठानी होगी।

-**डॉ. रजनीश गंगवार**, गांव-पुरैना (पीलीभीत)।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,436 | 25,541 |
| तेजी | 1330 | 397 |
| प्रतिशत में | 1.68 | 1.65 |





अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 17 अगस्त 2024

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन:** तुलसी 2060, राज श्री 1390, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1495, सचिन 1520, सूरज 1520, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी ली 1510, क्लासिक (तिलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1635, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 **किराना (प्रतिकु.):** हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 31000, लाल मिर्च 19000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 **चावल (प्रति कु0):** डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 तिलो, 5 किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 **दाल दलहन:** मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छोंटी 7400, दाल उड़द बिलसपुर 10000-10700

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72550 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71550 |
| सिल्वर पक्की) | 828 (अनुमानित) |

# उप्र रेरा ने 400 आवासीय परियोजनाओं के रिकॉर्ड अपलोड में देरी पर चेतावनी दी

## मानक पूरे नहीं करने वाली समूह आवासीय परियोजनाओं पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश भू-संपदा नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद राज्य में 400 समूह आवासीय परियोजनाओं के प्रवर्तकों को भूमि अभिलेख या मानचित्र या दोनों अपलोड नहीं करने की वजह से स्थगित सूची में डालने की चेतावनी दी है।

उप्र रेरा के चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने एक बयान में कहा कि मानक पूरे नहीं करने वाली समूह आवासीय परियोजनाओं के प्रवर्तक सभी मंजूरियां और भू-अभिलेख रेरा के पोर्टल पर बिना किसी विलम्ब के अपलोड कर दें। ऐसा न करने पर आगे कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बयान के मुताबिक, उ.प्र. रेरा ने प्राधिकरण के पास पंजीकृत परियोजनाओं के अभिलेखों का परीक्षण करने पर यह पाया गया कि लगभग 400 परियोजनाओं के प्रवर्तकों ने रेरा के पोर्टल पर परियोजना के भूमि अभिलेख या मानचित्र या दोनों को ही अपलोड नहीं किया है। जांच में पाया गया कि इनमें से 160 परियोजनाओं के मानचित्र तथा भू-अभिलेख दोनों ही अपलोड नहीं किए गए हैं। रेरा ने इन सबको नोटिस जारी कर अपने पोर्टल पर अभिलेख अपलोड करने के निर्देश दिए थे। लेकिन कई बार नोटिस देने के बावजूद सिर्फ 57 परियोजनाओं के प्रवर्तकों ने ही स्पष्टीकरण दिए।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने एजेंसी से कहा कि आज की तारीख में राज्य में करीब 3,700 आवासीय परियोजनाएं यूपी रेरा के साथ पंजीकृत हैं। उप्र रेरा की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पोर्टल पर उन परियोजनाओं के लिए स्थगित परियोजनाओं की एक श्रेणी बनाई जाए जिनके मानचित्र एवं भू-अभिलेख पोर्टल पर अपलोड नहीं किए गए हैं। इसमें कहा गया है यह निर्णय आवंटियों को प्रवर्तकों की धोखाधड़ी से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है। बयान के मुताबिक, प्राधिकरण के चेयरमैन भूसरेड्डी ने कहा कि वे लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि आवंटियों को रेरा पोर्टल से परियोजना के बारे में पूरी और सही जानकारी मिले।




● राज्य में करीब 3,700 आवासीय परियोजनाएं रेरा के साथ पंजीकृत

## जून तिमाही में बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत पर स्थिर : सर्वे

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत पर स्थिर रही। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय ने अपने आंकड़ों में यह जानकारी दी। श्रम बल में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत को बेरोजगारी दर कहते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की जून तिमाही में बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत ही थी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, 23वें आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून 2024 में नौ प्रतिशत रही।

# सेंसेक्स में धमाल, निवेशकों ने कमाए 7.3 लाख करोड़

मुंबई, एजेंसी



● सेंसेक्स 1330 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 24500 पार

अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़ों से दुनिया की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था के मंदी की चपेट में आने की आशंका समाप्त होने से शेयर बाजार के डेढ़ प्रतिशत से अधिक चढ़ने से शुक्रवार को 7.3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कमाकर निवेशक मालामाल हो गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को 1330.96 अंक अर्थात 1.68 प्रतिशत की उड़ान भरकर एक सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,436.84 अंक पर पहुंच गया। इससे बाजार का पूंजीकरण 730389.86 करोड़ रुपये बढ़कर 4,51,59,833.55 करोड़ रुपये हो गया। वहीं निफ्टी 397 अंक चढ़कर 24,500 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,412.33 अंक यानी 1.78 प्रतिशत तक उछलकर 80,518.21 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ सन फार्मा में गिरावट रही। बाजार में चौतरफा तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई मिडकैप में 1.8 प्रतिशत की तेजी आई, जबकि स्मॉलकैप 1.7 प्रतिशत की बढ़त में रहा। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 730.93 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि एनएसई निफ्टी 173.65 अंक यानी 0.71 प्रतिशत उछला।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.11 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.119 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया, इससे पिछले सप्ताह की समाप्ति पर यह 7.533 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 674.919 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.079 अरब डॉलर घटकर 587.96 अरब डॉलर रह गईं।

# हैदराबाद में निवेश के अवसर तलाश रही है फॉक्सकॉन

हैदराबाद, एजेंसी

● मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कारखाना स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन सहित पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया

ताइवान की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन ने हैदराबाद में निवेश के अवसर तलाशने में रुचि दिखाई है। तेलंगाना सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने नयी दिल्ली में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मुलाकात की और रेड्डी ने कंपनी को हैदराबाद के बाहरी इलाके में विकसित किए जाने वाले चौथे शहर में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

रेड्डी ने लियू को राज्य में कारखाना स्थापित करने के लिए जरूरी परमिट और प्रोत्साहन सहित पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया। तेलंगाना सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, लियू ने कहा कि फॉक्सकॉन हैदराबाद में निवेश के अवसर तलाशने को उत्सुक है। लियू ने फॉक्सकॉन के मुख्य परिसर परिचालन अधिकारी कैथी यांग और भारत के प्रतिनिधि वी ली के नेतृत्व में एक टीम के प्रारंभिक दौरा करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि वह बाद में व्यक्तिगत दौरा करेंगे।

## अडाणी पावर बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति जारी रखेगी

**नई दिल्ली।** अडाणी पावर ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने 1,600 मेगावाट क्षमता वाले झारखंड संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति जारी रखेगी। इस संयंत्र से उत्पादित 100 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति बांग्लादेश को की जानी थी। बिजली मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में निर्यातोन्मुख इकाई के रूप में स्थापित संयंत्रों से भारत के भीतर बिजली बेचने की अनुमति देने के लिए बिजली आयात/निर्यात दिशानिर्देशों में संशोधन किया था। भारत के भीतर बिजली की बिक्री को सुविधाजनक बनाने के लिए ऐसा किया गया।

# पी2पी ऋण मंच के लिए मानदंड कड़े किए गए

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पारदर्शिता और अनुपालन में सुधार के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - पीयर टू पीयर ऋण मंच (एनबीएफसी - पी2पी ऋण मंच) के लिए मानदंड कड़े कर दिए। पी2पी ऋण मंच बैंकों या वित्तीय संस्थानों को मध्यस्थ बनाए बिना ऋण लेने वालों को सीधे कर्ज देने वालों से जोड़ते हैं।

आरबीआई के संशोधित मास्टर निर्देश के अनुसार, पी2पी मंच को निवेश उत्पाद के रूप में कर्ज देने को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।

### हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस, पूनावाला फिनकॉर्प, बैंक ऑफ महाराष्ट्र जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र, हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड और पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड पर विभिन्न दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के चलते जुर्माना लगाया है।

## ओरिएंट टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 21 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता ओरिएंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के 215 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 195-206 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि शुरुआती शेयर बिक्री 21 अगस्त को खुलकर 23 अगस्त को बंद होगी। आईपीओ के तहत ओरिएंट टेक 120 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तकों के पास रखे 95 करोड़ रुपये मूल्य के 46 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश कर रही है।



## एक नजर

### पहला गगनयान मिशन प्रक्षेपण का लक्ष्य: सोमनाथ

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शुक्रवार को यहां कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने दिसंबर तक महत्वाकांक्षी गगनयान परियोजना का पहला मिशन प्रक्षेपित करने का लक्ष्य रखा है। सोमनाथ ने कहा कि मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए फिलहाल कुछ रॉकेट उपकरण यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंच गए हैं और विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, त्रिवेंद्रम में चालक दल मॉड्यूल के एकीकरण का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा, आज, हम गगनयान के पहले मिशन, जिसे जी1 कहा जाता है, पर काम कर रहे हैं जो पहला मानवरहित मिशन होगा। आज की स्थिति यह है कि रॉकेट, एस200 चरण, एल1, सी32 चरण-सभी सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हैं।

### बंबई हाईकोर्ट नारायण राणे को जारी किया समन

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने शिवसेना-उद्धव बाला साहेब ठाकरे (यूबीटी) के रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार विनायक राउत की ओर से दायर की गई एक चुनाव याचिका पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे को समन जारी किया। न्यायमूर्ति सारंग वी कोटवाल की पीठ ने संबंधित याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किये। पीठ ने श्री राणे और चुनाव अधिकारियों सहित अन्य प्रतिवादियों को अपना जवाब पेश करने के लिए 12 सितंबर को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा है।

# अस्पताल में तोड़फोड़ राज्य मशीनरी की विफलता

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पुलिस और अस्पताल प्रशासन को हलफनामे दायर करने का निर्देश दिया

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यहां आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भीड़ द्वारा तोड़फोड़ किए जाने की घटना राज्य मशीनरी की पूर्ण विफलता है। अदालत ने पुलिस और अस्पताल प्रशासन को इस घटना के संबंध में हलफनामे दायर करने का निर्देश दिया। जब राज्य सरकार के वकील ने अदालत से कहा कि लोगों की भीड़ गुरुवार तड़के एकत्र हुई थी तो मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने कहा कि इस बात पर भरोसा कर पाना कठिन है कि पुलिस खुफिया विभाग को अस्पताल में 7,000 लोगों के एकत्र होने की जानकारी नहीं थी। यह जानने के बाद कि महिला डॉक्टर का शव मिलने के बाद अस्पताल के एक तल पर कुछ मरम्मत कार्य चल रहा था, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत चिकित्सा प्रतिष्ठान को बंद करने का आदेश दे सकती है।



● मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत चिकित्सा प्रतिष्ठान को बंद करने का दे सकती है आदेश

### अस्पताल में तोड़फोड़ के मामले में 19 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तोड़फोड़ और हिंसा के मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को शहर की एक अदालत ने 22 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अज्ञात बदमाशों ने कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के परिसर में घुसकर उसके कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की। इसी अस्पताल में पिछले सप्ताह महिला चिकित्सक का शव मिला था।

### माकपा और भाजपा ने अस्पताल में तोड़फोड़ की : ममता




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विपक्षी माकपा और भाजपा पर आर जी कर अस्पताल में तोड़फोड़ की साजिश रचने तथा सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें फैलाकर महिला डॉक्टर के बलात्कार एवं हत्या के पीछे की सच्चाई को छिपाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। ममता ने शुक्रवार को कोलकाता में मौलाली से डोरीना चौराहे तक एक विरोध रैली का नेतृत्व किया।

# सीबीआई से माता-पिता बोले अपराध में शामिल हैं सहकर्मी

कोलकाता, एजेंसी

● कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई कर रही जांच

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की कथित बलात्कार एवं हत्या मामले में, उनके माता-पिता ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को बताया कि इस अपराध में उसी कॉलेज के कुछ इंटर्न और चिकित्सक शामिल हो सकते हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पिछले सप्ताह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक की कथित रूप से बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई मामले की जांच कर रही है। चिकित्सक के माता-पिता ने केंद्रीय जांच एजेंसी को उन लोगों के नाम भी उपलब्ध कराए, जिन पर उन्हें सरकारी अस्पताल में उनकी बेटी की हत्या से जुड़े होने का संदेह है। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया, माता-पिता ने हमें बताया कि उन्हें अपनी बेटी के यौन उत्पीड़न और हत्या के पीछे कई लोगों के शामिल होने का संदेह है। उन्होंने हमें आर जी कर अस्पताल में अपनी बेटी के साथ काम करने वाले कुछ इंटर्न एवं डॉक्टरों के नाम बताए हैं। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी ने कहा, हमने कम से कम 30 नामों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्हें हम पूछताछ के लिए बुलाएंगे। हमने उनसे पूछताछ शुरू भी कर दी है।

### ओणम त्योहार



तिरुवनंतपुरम में ओणम त्योहार के मद्देनजर वार्षिक अनुष्ठानों के लिए श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के देवता को चढ़ाए जाने वाले औपचारिक धनुप ओनाविल्लू को अंतिम रूप देते शिल्पकार। ● एजेंसी

# एनसी का नेतृत्व करेंगे फारूक अब्दुल्ला

जम्मू, एजेंसी

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के प्रमुख नेता फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह 18 सितंबर से तीन चरणों में होने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। फारूक ने एजेंसी को बताया कि वह चुनाव लड़ेंगे जबकि उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल होने तक चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त के बाद जम्मू और कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था।

निर्वाचन आयोग के समय से पहले चुनाव कराने के फैसले का स्वागत करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा, मैं इस निर्णय के लिए ईश्वर का धन्यवाद करता हूं। पहले यह अटकलें थीं कि 20 से 25 तारीख के बीच चुनाव कराए जा सकते हैं, इसलिए मुझे खुशी है कि इसे आगे बढ़ा दिया गया। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीट पर तीन चरण 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को चुनाव कराए जाएंगे। वहीं, चार जून को नतीजों का ऐलान किया जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख अब्दुल्ला ने चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश में केंद्रीय शासन के अंत होने की उम्मीद जताई। फारूक ने इस बात पर जोर देते हुए कि नेशनल कॉन्फ्रेंस विधानसभा चुनावों के लिए हमेशा तैयार है, कहा, हम लोकसभा चुनाव के लिए भी तैयार थे और हमने अनुरोध किया था कि विधानसभा चुनाव भी उसी समय कराए जाएं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



● अनुच्छेद 370 को निरस्त के बाद केंद्र शासित प्रदेश था जम्मू-कश्मीर

## आईओए तदर्थ पैनल का अधिकार बहाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति के अधिकार को बहाल कर दिया जिसमें मौजूदा स्वरूप में डब्ल्यूएफआई के कामकाज पर रोक लगाने और राष्ट्रीय महासंघ के रूप में कोई भी गतिविधि से रोकने की मांग की गई थी। पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि आईओए समिति का पुनर्गठन कर सकता है।

# सहपाठी को चाकू मारने के बाद सांप्रदायिक तनाव

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के उदयपुर में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र द्वारा सहपाठी को चाकू घोंपने के बाद सांप्रदायिक तनाव के बीच भीड़ ने कारों में आग लगा दी और पथराव किया। हालात को देखते हुए शहर में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, भटियानी चोहट्टा स्थित सरकारी स्कूल में चाकू घोंपने की घटना के पीछे क्या कारण था, इसका तत्काल पता नहीं चल पाया है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित को जिला अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर है। उसने बताया कि इस घटना के विरोध में कुछ हिंदू संगठनों के सदस्य शहर के मधुबन इलाके में एकत्र हुए। पुलिस ने बताया कि भीड़ ने पथराव किया और तीन-चार कारों में आग लगा दी। शुक्रवार शाम को तनाव बढ़ने पर बापू बाजार, हाथीपोल, घंटाघर, चेतक सर्किल और आसपास के इलाकों में बाजार बंद कर दिए गए। कुछ हिंसक तत्वों ने एक शॉपिंग मॉल पर भी पथराव किया, जिसमें दुकानों के कांच के दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, सरकारी अस्पताल के बाहर सैकड़ों लोग जमा हो गए और पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आरोपी को पकड़ लिया गया है।

### कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने को उच्च स्तरीय बैठक

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर शहर के एक राजकीय विद्यालय में मध्यान्ह अवकाश के दौरान दो छात्रों में हुए विवाद के बाद हुई चाकूबाजी की घटना के बाद प्रशासन और पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई से हालात नियंत्रण में रहे। शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने को लेकर शुक्रवार देर शाम कलक्ट्रेट मिनी सभागार में संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसमें प्रशासन और पुलिस अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि और प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## नागपट्टिनम-कांकेसंथुराई नौका सेवा फिर से शुरू

**नई दिल्ली/कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच नागपट्टिनम और कांकेसंथुराई के बीच नौका सेवा शुक्रवार से फिर से शुरू हो गई। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा कि नौका शिवगंगई ने नागपट्टिनम से कांकेसंथुराई तक अपनी पहली यात्रा पूरी की जो समुद्री संपर्क, जनता और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के माध्यम से संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नाबालिग को जमानत से तब तक इनकार नहीं जब तक इससे न्याय का उद्देश्य विफल न हो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी आपराधिक मामले में नाबालिग को जमानत देने से तब तक इनकार नहीं किया जा सकता, जब तक कि अदालत यह सुनिश्चित न कर ले कि नाबालिग का किसी ज्ञात अपराधी से संबंध होने की आशंका है या वह नैतिक, शारीरिक या मनोवैज्ञानिक खतरे में हो सकता है अथवा उसकी रिहाई से न्याय का उद्देश्य विफल हो जाएगा।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय और किशोर न्याय बोर्ड के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें एक नाबालिग को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। आरोपी पर एक नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था। पीठ ने 14 अगस्त के अपने आदेश में कहा, ....आक्षेपित आदेश रद्द किए जाते हैं। तदनुसार अपील स्वीकार की जाती है। पीठ ने कहा कि अपराध का आरोप झेल रहा नाबालिग एक साल से अधिक समय से हिरासत में है और निर्देश दिया कि उसे बिना किसी जमानतदार के जमानत पर रिहा किया जाए।



